राजभाषा कार्यान्वयन की गतिविधियाँ

राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक

संस्थान की राजभाषा गतिविधियों की प्रगति का जायजा लेने में राजभाषा कार्यान्वयन समिति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुख्यालय में समिति की बैठकों का नियमित रूप से आयोजन किया जाता है। पिछले छः महीनों की अवधि के दौरान दिनांक 25 सितंबर और 23 दिसंबर 2020 को डॉ. ए. गोपालकृष्णन, निदेशक, सी एम एफ आर आइ की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें ऑनलाइन (वेबेक्स) माध्यम से आयोजित की गयी।

हिन्दी कार्यशाला

संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों को हिन्दी में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हर तिमाही में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। मुख्यालय में दिनांक 21 दिसंबर और कारवार क्षेत्रीय स्टेशन, कर्नाटक में दिनांक 09 दिसंबर, 2020 को हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की गयीं।

स्वच्छता पखवाड़ा

संस्थान मुख्यालय, कोचीन में दिनांक 16 से 31 दिसंबर, 2020 तक विविध कार्यक्रमों के साथ स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस संदर्भ में दिनांक 21 दिसंबर, 2020 को ऑनलाइन (वेबेक्स) माध्यम से 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत' विषय पर हिन्दी भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। मुख्यालय और अधीनस्थ केन्द्रों के कार्मिकों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया।

रा भा का स बैठक का दृश्य



कारवार क्षेत्रीय स्टेशन में आयोजित हिन्दी कार्यशाला का दृश्य